कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

<u>प्रेस विज्ञप्ति/सूचना</u>

द्वितीय काउन्सिलिंग (बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2019)

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा सम्पन्न बी0एड0 प्रवेश परीक्षा वर्ष 2019 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों (जिनके द्वारा निर्धारित अवधि में अपने प्रमाणपत्रों का सत्यापन कराया गया है) की द्वितीय काउन्सिलिंग विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेब साइट www.kunainital.ac.in के माध्यम से दिनांक 31.08.2019 से दिनांक 02.09.2019 तक सम्पन्न करायी जायेगी।

द्वितीय कान्सिलिंग की अवधि समाप्त होने के उपरान्त दिनांक 04.09.2019 से अभ्यर्थी अपने आवंटन पत्र वैबसाईट में दिये गये लिंक के माध्यम से डाउनलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है, कि उन्हें आवंटित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान में दिनांक 04.09.2019 से दिनांक 07.09.2019 तक वह प्रवेश लेना सुनिश्चित करें अन्यथा की स्थिति में उनका आवंटन स्वतः निरस्त हो जायेगा।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम चरण की काउन्सिलिंग में प्रवेश ले लिया गया है वह द्वितीय चरण की काउन्सिलिंग हेतु अर्ह नही होंगे। जिन अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम चरण की काउन्सिलिंग में भाग लिया परन्तु अब तक प्रवेश नही लिया गया है यदि वे चाहें तो अपनी दी गई वरीयता में पुनः परिवर्तन कर सकते हैं। साथ ही वे अभ्यर्थी जिनके द्वारा प्रथम चरण की कान्सिलिंग में शुल्क जमा करने के उपरान्त काउन्सिलिंग प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गयी थी, वे भी अपनी काउन्सिलिंग प्रक्रिया द्वितीय काउन्सिलिंग के माध्यम से पूर्ण कर सकते हैं।

30/8/19
परीक्षा नियन्त्रक

पत्रांक – गोप0/2019/2912 **दिनांक** – 30.08.2019

प्रतिलिपि – 1. निम्नलिखित समाचार पत्रों के सम्पादकों को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में समाचार के रूप में दिनांकः 31.08.2019 को निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।

- दैनिक जागरण
- राष्ट्रीय सहारा
- शाह टाईम्स
- उत्तरांचल दीप
- दैनिक आज
- हिन्दुस्तान
- उत्तर उजाला
- अमर उजाला
- न्यूज प्रिंट

निजी सचिव कुलपति को कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

30/8/19
परीक्षा नियन्त्रक